दिनांकः 19.04.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–प्रदेश के किसानों को 2027 तक दिन में भी बिजली उपलब्ध करवाई जाएगी।
- अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस 21 अप्रैल को भारत दौरे पर आएंगे–तीन दिन के जयपुर प्रवास का कार्यक्रम।
- विश्व लिवर दिवस के अवसर पर विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम–स्वस्थ जीवन शैली अपनाने पर ज़ोर।
- राज्य में हीटवेव के प्रकोप से कल से राहत मिलने के आसार–तापमान में 2 से 4 डिग्री गिरावट की संभावना।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में वर्ष 2027 तक किसानों को दिन में भी बिजली उपलब्ध करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने सीकर के सरगोठ में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार जनता से किये गये सभी वादों को पूरा करने का निरंतर प्रयास कर रही है।

.............

मुख्यमंत्री ने आज जयपुर के गोविंदगढ़ और सीकर सरगोठ, रींगस, पलसाना तथा बाजौर में सभाओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने इससे पहले आमेर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार हर क्षेत्र के विकास के लिए कृतसंकल्प है।

..............

मुख्यमंत्री आज से शेखावाटी क्षेत्र के तीन दिन के दौरे पर हैं। वे कल झुंझुनूं पहुंचेंगे, जहां सर्किट हाउस में जनसुनवाई करेंगे। इसके अलावा पिलानी में यमुना जल समझौते की डीपीआर को लेकर गठित संयुक्त टास्क फोर्स की दूसरी बैठक से पहले परियोजना की प्रगति की समीक्षा करेंगे। बैठक में हरियाणा सरकार के आला अधिकारी भी शामिल होंगे। इस दौरान नक्शे और अन्य बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा होगी। गौरतलब है कि यमुना जल समझौते के पहले चरण में ताजेवाला हैड से प्रदेश में पानी लाने के वास्ते प्रवाह प्रणाली के लिए संयुक्त डीपीआर बनाने पर सहमति बनी है। दोनों राज्यों की दूसरी संयुक्त बैठक 25 अप्रैल को हिसार में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

मुख्यमंत्री के दौरे के मद्देनजर प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत आज झुंझुनूं पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों का जायजा लिया।

000

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस 21 अप्रैल को भारत दौरे पर आएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद उसी रात वे जयपुर पहुंचेंगे। तीन दिवसीय प्रवास के दौरान श्री वेंस आमेर महल का दौरा करेंगे और राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होने वाली बिजनेस समिट को भी संबोधित करेंगे। 23 अप्रैल को उनका आगरा जाने का कार्यक्रम है। 24 अप्रैल की सुबह वे जयपुर से वाशिंगटन रवाना होंगे। अमेरिका के उपराष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए कई तैयारियां की जा रही हैं। 21 और 22 अप्रैल को आमेर महल पर्यटकों के लिए बंद रहेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्री जेडी वेंस के जयपुर आगमन को लेकर की जा रही व्यवस्थाओं के बारे में आज बैठक ली। मुख्यमंत्री निवास पर हुई इस बैठक के दौरान श्री शर्मा ने अधिकारियों को सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त करने और अन्य तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

000

केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत आज जैसलमेर के दौरे पर रहे। उन्होंने सोनार दुर्ग का निरीक्षण कर पुरातत्व सर्वेक्षण अधिकारियों के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की। केन्द्रीय मंत्री ने दुर्ग

के संरक्षण और रख रखाव को लेकर विशेष निर्देश दिये। वहीं दुर्ग के लिए दूसरे वैकल्पिक मार्ग पर भी विमर्श किया गया। इस दौरान पोकरण विधायक मंहत प्रताप पुरी भी केन्द्रीय मंत्री के साथ मौजूद रहे।

000

बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत ने आज केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल से दिल्ली में मुलाकात की। श्री शेखावत ने कानून मंत्री से कोटपूतली–बहरोड़ में जिला और सत्र न्यायालय खोले जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

000

आज विश्व लिवर दिवस है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में सभी नागरिकों से खानपान की संयमित आदतें और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का आग्रह किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने छोटे–छोटे बदलावों के प्रभावी महत्व जोर दिया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि तेल का सेवन कम करने जैसे छोटे उपाय बडा बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने मोटापे के बारे में जागरुकता बढाने और स्वस्थ भारत का निर्माण करने की बात कही। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सरकार देश में स्वास्थ्य देखभाल के लिए समग्र दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है। श्री शाह आज नई दिल्ली में आयोजित **स्वस्थ लिवर–स्वस्थ भारत** कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में देश के स्वास्थ्य ढांचे में लगातार बढोतरी हुई है।
श्री शाह ने बताया कि 2014 में स्वास्थ्य बजट 37 हजार करोड़ रुपये था जो अब बढ़कर एक लाख 27 हजार करोड़ रुपये हो गया है। श्री शाह ने अच्छे स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक आहार, पर्याप्त नींद और नियमित व्यायाम पर विशेष बल दिया।

..............

विश्व लिवर दिवस के अवसर पर प्रदेश में भी कई स्थानों पर जागरुकता कार्यक्रम हुए। पाली के राजकीय बांगड अस्पताल में लोगों को लिवर संबंधी बीमारियों के बारे में जागरुक किया गया।

000

जैसलमेर में हाल ही में कृत्रिम गर्भाधान तकनीक से राज्य पक्षी गोडावण के तीसरे चूजे का जन्म हुआ है। अब इनकी संख्या 55 हो गई है। साथ ही इस विधि से गोडावण को जन्म देने वाला भारत दुनिया का पहला देश बन गया है। एक रिपोर्ट –

..............

000

राज्य में हीटवेव के प्रकोप से कल से राहत मिलने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार आज जोधपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं धूल भरी आंधी और तेज हवाएं चल सकती हैं। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि कल से तापमान में 2 से 4 डिग्री गिरावट की संभावना है।

.............

बीते 24 घंटों में प्रदेश में चित्तौड़गढ़, चूरू, श्रीगंगानगर सहित पांच स्थानों पर पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार रिकॉर्ड हुआ। ज्यादातर जगहों पर दिन का तापमान 42 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच मापा गया, जो सामान्य से 4–5 डिग्री अधिक है। प्रचंड गर्मी को देखते हुए श्रीगंगानगर जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। अब सत्रांत तक आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों का समय सुबह साढे सात बजे से ग्यारह बजे तक रहेगा।

000

आईपीएल क्रिकेट में आज राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा। जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम में ये मैच शाम साढे सात बजे शुरू होगा। मैच को देखते हुए राजधानी जयपुर में यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है। वहीं एक अन्य मैच में गुजरात टाइटंस और डेल्ही कैपिटल्स के बीच मुकाबला जारी है। डेल्ही कैपिटल्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 203 रन बनाए हैं।

000